# स्कूल पहुंचकर दी सायबर अपराध की जानकारी

## छात्र-छात्राओं ने ली रुचि, पूछे सवाल

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

news.indore@peoplessamachar.co.in

सायबर सुरक्षा अभियान के तहत एनी बीसेंट स्कूल में 78वीं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सायबर अपराध संबंधी कई सवाल पूछे।

सायबर सुरक्षा अभियान की 78वीं कार्यशाला का आयोजन एनी बीसेंट स्कूल सभागृह में किया गया। पीआरटीएस के निदेशक वरुण कपूर ने छात्रों को बढ़ते अपराध की जानकारी दी। सुरक्षित रहकर आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किस तरह किया जाए, इससे कैसे बचा जाए और अपने बैंक खातों की जानकारी किसे दी जाए... आदि जानकारी दी। छात्रों के अलावा स्कूल का स्टाफ भी मौजूद था।

सपना नामक छात्रा ने पूछा कि आप जगह-जगह सायबर अपराध संबंधी कार्यशाला लगा रहे हो, फिर भी आए दिन अखबारों में छपता रहता है कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। शहर में लगातार इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं... इस पर कपूर ने बताया कि इसमें सबसे बड़ी गलती धोखा खाने वाले की रहती है। वे आसानी से उन्हें अपने पासवर्ड बता देते हैं, जिसके कारण संबंधित व्यक्ति इंटरनेट के जरिए खाते से पैसे निकाल लेते हैं। इस अवसर पर दो छात्रों दिनेश खत्री एवं अनिरूद्ध गोखे को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।